# उ की मात्रा ( उ → ु )

## देखिए, समझिए और पढ़िए :

प + ु = पु　　ग + ु = गु　　छ + ु = छु　　ब + ु = बु



पुल



गुड़िया



कछुआ



बुलबुल

## मिलाकर पढ़िए :

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दुख | अनु | बुढ़िया | मछुआ | रुनझुन | बुलबुल |
| मुख | तनु | पुड़िया | कछुआ | गुमसुम | चुलबुल |
| रुख | मनु | दुखिया | बथुआ | फुटबाल | चुनमुन |

## मुरली की धुन

सुमन सुबह उठी। वह फुलवारी गई। गुलाब चुन कर लाई। दादी खुश हुई। सुमन गुलाबजामुन खा। सुन-सुन, मुरली की मधुर धुन सुन। मुरली की धुन सुनकर सुमन खुश हुई। वाह! वाह! कितनी मधुर धुन सुनाई।



**शिक्षण संकेत**

- बच्चों को समझाएँ कि 'उ' की मात्रा ( ु ) वर्ण के नीचे लगती है।
- बच्चों से 'उ' की मात्रा लगे शब्दों और वाक्यों का वाचन कराएँ।
- बच्चों को यह भी बताएँ कि 'र' वर्ण पर 'उ' की मात्रा नीचे न लगकर मध्य भाग में घुंडी रूप में लगती है; जैसे—र + ु = रु ➤ रुपया, गुरु, रुनझुन आदि।


# ऊ की मात्रा ( ऊ → ू )


**देखिए, समझिए और पढ़िए :**

| झ + ू = झू | ल + ू = लू | स + ू = सू | ज + ू = जू |
|---|---|---|---|


झूला


भालू


सूरज


तराजू

**मिलाकर पढ़िए :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| फूल | झूम | बहू | कबूल | पालतू | मजबूर |
| धूल | घूम | लहू | बबूल | फालतू | मजदूर |
| झूल | धूम | आलू | ज़रूर | खुशबू | खरबूजा |

## गरमी का मौसम

गरमी का दिन था। खुशबू नीम पर झूला झूल रही थी। कुसुम जूता पहन कर धूल उड़ा रही थी। माता कुसुम-कुसुम कह कर बुला रही थी। कुसुम आ। खुशबू आ। जूता उतार। बूढ़ा माली आया। वह बड़ा तरबूज लाया। तरबूज बहुत मीठा था। तरबूज का रस पी।



**शिक्षण संकेत**

- बच्चों को 'ऊ' की मात्रा (ू) समझाने के लिए विभिन्न व्यंजन वर्णों पर मात्रा लगाकर उच्चारण कराएँ।
- बच्चों को 'उ' (ु) और 'ऊ' (ू) की मात्रा में अंतर समझाएँ; जैसे—कुल-कूल, भुल-भूल, रुपया-रूपया।
- बच्चों को गरमी में मौसमी फल और सब्जियाँ खाने और संतुलित आहार लेने को बताएँ।

## पाठ बोध

### 1. एक शब्द में उत्तर लिखिए :

समेटिव असेसमेंट

क. सुबह उठकर फुलवारी कौन गई? ____________

ख. झूले पर कौन झूल रही थी? ____________


ग. कुसुम क्या पहन रही थी? ____________

घ. बूढ़ा माली क्या लाया? ____________

### 2. चित्र के सही नाम के आगे ✓ लगाइए :



कछुआ ☐ मछुआ ☐ बटुआ ☐




नाशपाती ☐ आड़ू ☐ अमरूद ☐

M C Qs

### 3. चित्रों के नाम पूरे कीजिए :




____ढ़िया



____टबाल



____ला



क____तर

### 4. 'उ' ( ु ) तथा 'ऊ' ( ू ) की मात्रा लगाकर लिखिए :

धन - ____________ मध - ____________ पत्र - ____________

| | | |
|---|---|---|
| झला - ________ | बबल - ________ | शहतत - ________ |
| सनार - ________ | खुशब - ________ | रमाल - ________ |

**5. मिलाकर शब्द लिखिए :**

| | |
|---|---|
| प + ु + ड़ि + या ➤ ________ | स + ू + र + ज ➤ ________ |
| र + ु + न + झ + ु + न ➤ ________ | म + ज + द + ू + र ➤ ________ |
| फ + ु + ल + वा + र + ी ➤ ________ | र + ू + म + ा + ल ➤ ________ |

## मौखिक अभिव्यक्ति

**✤ उच्चारण कीजिए :**

फॉरमेटिव असेसमेंट

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| खुश | मुख | बथुआ | गुड़िया | चुहिया | जामुन | चूड़ी |
| शुरू | गुरु | कबूतर | रूमाल | अमरूद | गरुड़ | रूठना |

## रचनात्मक अभ्यास

**✤ दिए चित्रों में गलती खोजिए :**



